**राष्ट्रपति-संविधान दिवस**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान का उल्लेख एक जीवित और प्रगतिशील दस्तावेज के रूप में किया है। इसके जरिये देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के सेन्ट्रल हॉल ऑफ संविधान सदन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को अपने मकान मिल रहे हैं और देश में विश्व स्तरीय अवसंरचना विकसित की जा रही है। राष्ट्रपति ने सभी देश वासियों से विकसित भारत के लक्ष्य के लिए समर्पण के साथ काम करने का अनुरोध किया।**

**संविधान दिवस कार्यक्रम**

**संसद में आयोजित कार्यक्रम में उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण दिन देश के संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्षों को मनाने के रूप में एक ऐतिहासिक पड़ाव को चिन्हित करता है। यह विश्व के सबसे बड़े और अत्यधिक गतिशील लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान देश के लोगों की वर्षों की तपस्या, बलिदान, प्रतिभा और शक्ति का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अंगीकार की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। संस्कृत और मैथिली भाषाओं में संविधान भी जारी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को समर्पित एक बुकलेट का भी अनावरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भागीदारी की।**

## राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस है। यह दिवस देश में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आज डॉक्टर कुरियन की 103वीं जयंती के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में देश की अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा में डेयरी क्षेत्र के योगदान को प्रदर्शित किया जा रहा है।

भारत का अगले 10 वर्षों में विश्व में उत्पादित कुल दूध का एक तिहाई उत्पादन करने का लक्ष्य है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के प्रबंध निदेशक जयेन महेता ने कहा कि अमूल महासंघ इस लक्ष्य के लिए बड़ी भूमिका निभाने का संकल्प लेकर चल रहा है और अमरीका के बाद यूरोप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अमूल तैयार है।

## राष्ट्रपति-मुंबई हमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर अपनी जान गंवाने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र उन सुरक्षाकर्मियों को नमन करता है जिन्होंने देशवासियों की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

गोवा में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आज छठे दिन 70 से अधिक फिल्में दिखाई जा रही हैं। इनमें इंडिया वोट्स, स्ट्राइड और बियॉन्ड द कोर्ट--द इंडियन व्हीलचेयर बास्केटबॉल जर्नी शामिल हैं।

एक्सेसिबल इंडिया-एक्सेसिबल फिल्म्स खंड में फिल्मों को ऑडियो विवरण और भारतीय सांकेतिक भाषा के साथ प्रदर्शित किया गया है। जिससे नेत्रहीन और वधिर दर्शक भी इन फिल्मों का आनन्द ले सकेंगे।

**समाचार संक्षेप में .....**

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने श्री शिंदे को अगले मुख्यमंत्री की नियुक्ति तक काम करने को कहा है।

- **संविधान दिवस के अवसर पर आज आगरमालवा जिले में भी "हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान" थीम पर सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, में कार्यक्रम आयोजित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।**

- **छतरपुर के जिला पंचायत सभा कक्ष में आज जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलवाई- सभी को नियम कानून के तहत काम करने और जन सेवा करने का आग्रह भी किया.**

..............................